भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1511

जिसका उत्तर दिनांक 28.07.2021 को दिया जाना है

एनपीसीआईएल द्वारा आउटरीच कार्यक्रम

1511. श्री जयदेव गल्ला :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) द्वारा परमाणु ऊर्जा के बारे में जागरूकता फैलाने, लोगों की आशंकाओं को सरल, बोधगम्य और विश्वसनीय तरीके से दूर करने के लिए कार्यान्वित आउटरीच कार्यक्रम का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त कार्यक्रम में उपस्थित लोगों की संख्या कितनी है;

(ग) क्या उनकी चिंताओं का विनिर्दिष्ट तरीके से समाधान किया जा रहा है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क) नाभिकीय ऊर्जा के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए, लोगों की आशंकाओं के समाधान हेतु बहुआयामी दृष्टिकोण पर आधारित जारी एक बड़े पब्लिक आउटरीच कार्यक्रम का क्रियान्वयन न्यूक्लियर पावर कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) द्वारा किया जा रहा है जिससे सरल, सुगम और विश्वसनीय तरीके से उनकी चिंताओं को दूर किया जा सके । इस संबंध में निम्नलिखित प्रयास किए गए हैं :

(i) स्थानीय लोगों से संबंधित प्रत्येक मुद्दे को संबोधित करते हुए साधारण स्थानीय भाषा में एकल शीटों का वितरण
(ii) थियेटर में स्थानीय भाषाओं में लघु फिल्म दिखाना,
(iii) टीवी पर लघु फिल्म,
(iv) रेडियो जिंगल्स,
(v) नाभिकीय विद्युत संयंत्रों की विजिट का प्रबंध करना,

(vi) प्रदर्शनी लगाना

(vii) स्थानीय प्रेस और मीडिया में संक्षिप्त विवरण देना,

(viii) समुदाय नेताओं और लोगों के प्रतिनिधियों क़ो संबोधित करना ।

(ix) स्कूल और कॉलेजों में व्याख्यान/प्रस्तुतीकरण

(x) डॉक्टर/वैज्ञानिक मीट

(xi) 'नाभिकीय विद्युत के हॉलों' की स्थापना, नाभिकीय ऊर्जा के विभिन्न पहलूओं की जानकारी देते हुए एक स्थायी प्रदर्शनी केन्द्र मुम्बई, चेन्नै और नई दिल्ली में स्थापित किया गया है ।

(xii) नाभिकीय विद्युत संयंत्र स्थलों पर सूचना केन्द्र

(xiii) देश के विभिन्न भागों में म्यूजियम/विज्ञान केन्द्रों में नाभिकीय विद्युत संयंत्र मॉडल संस्थापित किए गए ।

ग्रामीण जनसमूहों तक पहुंचने के लिए चलती-फिरती प्रदर्शनी, किसान का एकीकरण कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक जैसे अभिनव दृष्टिकोण भी अपनाए गए हैं । लघु नाभिकीय गैलरियों को शामिल करते हुए अधिक स्थायी प्रदर्शनियां देश भर में राज्य/जिला विज्ञान केन्द्र में स्थापित किए जाने की योजना है ।

(ख) वर्ष 2018-19 और 2019-20 में, विभिन्न आउटरीच कार्यक्रमों के माध्यम से 59.1 और 57.7 लाख व्यक्तियों तक पहुंच की गई । वर्ष 2020-21 में, कोविड-19 वैश्विक महामारी उपायों के आरम्भ होने के बावजूद लगभग 1.22 लाख लोगों तक पहुंच की गई । प्रयासों के चलते वर्षों में लोगों तक पहुंचने की संख्या में वृद्धि हुई है ।

(ग) तथा (घ) योजनाबद्ध पब्लिक आउटरीच फ्रेमवर्क में जागरूकता फैलाने और उनकी आशंकाओं के समाधान के लिए सरल, सुगम और विश्वसनीय तरीके से स्थानीय भाषा में परस्पर बातचीत, सेमिनार, व्याख्यान, ऑनलाइन पूछताछ प्रतिक्रिया इत्यादि शामिल है ।

* * * * *